# इन्वेस्ट यूपी पैविलियन को मिला यूपीआईटीएस 2025 का टॉप परफ़ॉर्मर सम्मान

***उत्तर प्रदेश का इन्वेस्ट यूपी पैविलियन यूपीआईटीएस 2025 में श्रेष्ठ स्टॉल्स में शामिल***

ग्रेटर नोएडा/लखनऊ, 28 सितम्बर 2025: - ग्रेटर नोएडा में आयोजित **यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2025** के तीसरे संस्करण में **इन्वेस्ट यूपी पवेलियन** को **टॉप परफॉर्मर स्टॉल** के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि राज्य की बढ़ती निवेश क्षमता और औद्योगिक शक्ति को दर्शाती है। इन्वेस्ट यूपी की ओर से यह पुरस्कार महाप्रबंधक (**निवेश प्रोत्साहन**) **श्री अनुरुद्ध क्षत्रिय** ने माननीय औद्योगिक विकास मंत्री **श्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी'** और माननीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री **श्री राकेश सचान** से प्राप्त किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, **श्री आलोक कुमार** एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

यह सम्मान *इन्वेस्ट यूपी* की *उद्योग प्रदेश* की परिकल्पना को साकार करने तथा उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पैविलियन निवेशकों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और उद्यमियों के लिए एक जीवंत मंच बन गया है, जहाँ वे राज्य की प्रगतिशील व निवेश अनुकूल नीतियों और क्षेत्र विशिष्ट क्षमताओं से परिचित हो रहे हैं।

स्टॉल पर विनिर्माण, आईटी एवं आईटीईएस, नवीकरणीय ऊर्जा, अवस्थापना, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र और रक्षा क्षेत्र में अवसरों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। आगंतुकों को राज्य की ईज-ऑफ-डूइंग-बिज़नेस प्रणाली, नीतिगत प्रोत्साहन, विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी और विशाल भूमि बैंक के बारे में जानकारी दी जा रही है—ये सभी स्तंभ निवेश परियोजनाओं के सहज क्रियान्वयन में सहायक हैं।

स्टॉल के विशेष आकर्षण के रूप में —प्रसिद्ध *ब्रहमोस मिसाइल* और आकर्षक स्वचलित *ग्लोब इंस्टॉलेशन*—ने दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित किया है, जो अब सेल्फी प्वाइंट बन चुके हैं। यह उत्साह उत्तर प्रदेश के तीव्र औद्योगिक और नवाचार केंद्र बनने की दिशा को दर्शाता है।

इन्वेस्ट यूपी के स्टॉल के भ्रमण के दौरान अपर मुख्य सचिव, श्री आलोक कुमार ने उत्तर प्रदेश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए निवेशकों से सक्रिय संवाद का आह्वान किया और प्रगतिशील सुधारों की भूमिका को रेखांकित किया।

यूपीआईटीएस 2025 में यह सम्मान *इन्वेस्ट यूपी* के उस संकल्प को और सुदृढ़ करता है, जिसके तहत राज्य को वैश्विक पूंजी निवेश का प्रमुख गंतव्य बनाया जा रहा है।

--------------------------------